प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

वेट नाइट 'त्विशा' कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 5 मई, 2024। पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा 'वेट नाइट' कार्यक्रम का आयोजन गांधी हाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तदोपरांत विश्वविद्यालय गीत ने सभी के हृदयों में एकता और सामंजस्य की भावना को जगाया। स्टाफ काउंसलर डा. मीना मृगेश ने सोसायटी द्वारा किए विभिन्न आयोजनों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसने विद्या की देवी के प्रति श्रद्धा और भक्ति का भाव जगाया। इसके बाद, हिमाचली और पहाड़ी नृत्य ने सभी को प्रकृति के सौंदर्य का अनुभव कराया। गुजराती नृत्य और लावणी नृत्य ने अपने तेजस्वी और जीवंत प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दक्षिण भारतीय नृत्य ने अपनी भव्यता और शालीनता से सभी का दिल जीत लिया। माइम प्रस्तुति ने बिना शब्दों के भी गहरे भावों को व्यक्त किया। बॉलीवुड नृत्य, बैंड शो, राजस्थानी नृत्य और पंजाबी नृत्य ने अपनी विविधता और उत्साह से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।

वेटरनरी सोसाइटी ने अपने प्रायोजकों, रैनवेट, थिंड वेट, जीनसएबीएस, ओजस, इंटास, और इंडियन इम्युनोलॉजिक लिमिटेड का हार्दिक आभार व्यक्त किया जिनके अमूल्य सहयोग से सोसाइटी के कार्यक्रम संभव हो पाए है। उक्त अवसर पर थिंड वेट एवं रेनवट प्रायोजकों को अधिष्ठाता, कुलसचिव एवं स्टाफ काउंसलर द्वारा सम्मानित किया गया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सोसायटी के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु बधाई दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यकारी अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय डा. ए.एच. अहमद ने सोसायटी मेंबर्स एवं स्टाफ काउंसलर डा. मीना मृगेश द्वारा आयोजित किये गए विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल संचालन एवं आयोजन की हार्दिक बधाई दी। कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा और समर्पण की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में गणमान्य सदस्यों में प्रबंध परिषद के सदस्य डा. विशाल राणा की भावभीनी उपस्थिति रही। साथ ही डा. जे.पी. जायसवाल निदेशक संचार, डा. शिवा प्रसाद निदेशक अन्तर्राष्ट्रीय मामलें, डा. एस.सी. त्रिपाठी, शिव प्रसाद मौर्य, अजय उपाध्याय, जे.एल. सिंह, राजीव रंजन कुमार, सुधीर कुमार, डी. कुमार, श्वेता राय, निधि अरोड़ा, ज्योति पलोड, दिशा पंत, अंशु राहल की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में वेटरनरी सोसायटी की अध्यक्षा अपूर्वा रावत ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, आयोजन टीम और उपस्थितजनों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

ई–मेल चित्र सं. 1: कार्यक्रम का शुभारम्भ करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।